09H(A)

HINDI

(Second language)

Parts A & B

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] **[Maximum Marks : 100**

Part-A

Time : 2 Hours **Marks : 75**

सूचना :-

1. भाग A के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पत्रिका में लिखिए।
2. भाग A के लिए समय दो (2) घण्टे निर्धारित हैं।

प्र.1. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पचास (50) शब्दों में लिखिए। **6×3=18**
केवल प्रश्न क्र. 6 के लिए choice है।

(1) आम्र वृक्ष की क्या विशेषता है?

(2) राहुल आकाश में घूमना क्यों चाहता है?

(3) नारदजी ने इन्द्र के सामने हरिश्चन्द्र के किन गुणों की चर्चा की?

(4) 'नागरिक' किसे कहते हैं?

(5) सुरराज के शस्त्र का नाम क्या है? वह किनकी हड्डियों से बना था?

(6) *(i)* ''हिन्दुस्तान की संस्कृति एक है।'' पचास शब्दों में इसका उत्तर दीजिए।

अथवा

(ii) निम्नलिखित दोहों की पूर्ति कीजिए।

(अ) जड़ चेतन गुन दोषमय .... परिहरि बारि विकार।

(आ) मथत मथत माखन रहै .... भीर परे ठहराय।

प्र.2. ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर दस (10) पंक्तियों में लिखिए। **1×10=10**

(1) ''मीरा के पद'' कविता का सारांश लिखिए।

(2) ''ठुकरा दो या प्यार करो'' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.3. ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर पंद्रह (15) पंक्तियों में लिखिए। **1×10=10**

(1) ''अपनी कमाई'' कहानी का सारांश लिखिए।

(2) ''ताई'' कहानी के बारे में तुम क्या जानते हो?

प्र.4. अपने बड़े भाई की शादी में शामिल होने की अनुमति मांगते हुए अपने कक्षाध्यापक के नाम पर एक छुट्टी-पत्र लिखिए। **1×7=7**

अथवा

हिन्दी सीखने की आवश्यकता के बारे में बताते हुए अपने मित्र के नाम पर एक पत्र लिखिए।

प्र.5. ***किसी एक*** विषय पर *निबंध* लिखिए। **1×10=10**

(1) समाचार-पत्र

(2) विद्यार्थी और अनुशासन

(3) वृक्ष हमारे साथी

(4) भारतीय संस्कृति

प्र.6. रहीम के अनुसार किस प्रकार की प्रीति सराहनीय है? **1×5=5**

अथवा

गाँधीजी को स्कूल के व्यायाम से किस प्रकार छुटकारा मिला?

प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3×5=15**

(1) जलियाँवाला बाग के हत्याकांड का बदला किसने और कैसे लिया?

(2) सीतारामराजु ने स्वतंत्रता संग्राम के लिये किस क्षेत्र को चुना था?

(3) आचार्य नागार्जुन का बौद्ध इतिहास में क्या महत्त्व है?

(4) वट वृक्ष के संबंध में आप क्या जानते हैं?

(5) नव-वर्ष के रूप में कौन-कौन से त्यौहार मनाये जाते हैं?

(6) अकबर ने बीरबल से कौन-कौन से प्रश्न किये?

This Question Paper contains 4 Printed Pages.]

09H(B)

HINDI

(Second language)

Parts A & B

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] **[Maximum Marks : 100**

Part-B

Time : 30 minutes ***Marks : 25***

सूचना :-

1. भाग B के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न-पत्रिका में ही लिखिए।
2. भाग B के लिए आधा (½) घण्टा समय निर्धारित है।

विशेष सूचना :-

1. सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।
2. प्रश्न क्रमांक **1** से **15** तक के उचित उत्तर का ''कैपिटल अक्षर'' सामने दिये हुए कोष्टक में लिखिए।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक **नहीं** दिये जायेंगे।

1. रामचरितमानस में किसकी कथा वर्णित है? [..........]

(A) श्रीकृष्ण
(B) श्रीराम
(C) विष्णु
(D) शिवजी

2. ''शत्रु को प्रेम से जीतो'' पाठ किस काल से संबंधित है? [..........]

(A) महाभारत काल
(B) भागवत काल
(C) रामायण काल
(D) वैदिक काल

3. मीरा किसकी उपासना करती थी? [..........]

(A) श्रीराम
(B) विष्णु
(C) श्रीकृष्ण
(D) ब्रह्मा

4. शरीर में मुख्य वस्तु क्या है? [..........]

(A) आँख

(B) पैर

(C) हाथ

(D) चरित्र

5. ''राहुल की कल्पना'' कविता के कवि कौन हैं? [..........]

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) सुभद्रा कुमारी

(C) सुमित्रा नंदन पंत

(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

6. ''भीष्म-संदेश'' कविता किस काव्य से ली गयी है? [..........]

(A) उर्वशी

(B) चिदंबरा

(C) कुरुक्षेत्र

(D) वीणा

7. धनी बाप के बेटे ने मजदूरी करके कितने पैसे कमाये? [..........]

(A) एक रुपया

(B) अठन्नी

(C) चवन्नी

(D) दुअन्नी

8. सुभद्रा कुमारी की वाणी में क्या नहीं है? [..........]

(A) कोमलता

(B) वात्सल्य

(C) चातुर्य

(D) माधुर्य

9. हम किस देश के नागरिक हैं? [..........]

(A) भारत

(B) पाकिस्तान

(C) बांगला देश

(D) श्रीलंका

10. ''हलधर'' किन्हें कहा जाता है? [..........]

(A) श्रीकृष्ण
(B) बलराम
(C) अर्जुन
(D) धर्मराज

11. ''सागर और मेघ'' कैसा पाठ है? [..........]

(A) कहानी
(B) नाटक
(C) वार्तालाप
(D) निबंध

12. ''अपनी कमाई'' पाठ में पिता ने किसे ससुराल भेज दिया? [..........]

(A) माता को
(B) बहिन को
(C) भाई को
(D) पड़ोसी को

13. दोराबजी एदलजी गीमी कौन थे? [..........]

(A) हेडमास्टर
(B) पोस्टमास्टर
(C) स्टेशन मास्टर
(D) अध्यापक

14. भारतीय संस्कृति की पहचान हैं- [..........]

(A) वर्षा
(B) धूप
(C) बादल
(D) त्यौहार

15. मनोहर की उम्र कितने साल की थी? [..........]

(A) दो साल
(B) तीन साल
(C) पाँच साल
(D) चार साल

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर, कोष्टक में दी गयी सूचनाओं के अनुसार लिखिए।

16. अनुभवी पिता सब कुछ समझ गया। *(रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर फिर से वाक्य लिखिए।)*

----

17. भारत की सेना सीमाप्रांत की रक्षा करती है। *(रेखांकित शब्द का वचन बदलकर फिर से वाक्य लिखिये।)*

----

18. 'नागरिक' *(इसमें कौन-सा प्रत्यय है?)*

----

19. 'दुर्बल' *(इस शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?)*

----

20. 'स्पष्ट' *(इस शब्द का विलोम शब्द लिखिए।)*

----

21. जय की महाराणा। *(वाक्य को सही क्रम में लिखिए।)*

----

22. बगीचे में लाल गुलाब है। *(इस वाक्य में विशेषण क्या है?)*

----

23. ''परमात्मा'' (किन दो शब्दों से बना है?)

1. ----------------- 2. --------------------

24. परिश्रम का उसे अभ्यास नहीं था। *(वर्तमान काल में बदलकर लिखिए।)*

----

25. ''मौत के घाट उतारना'' *(इस मुहावरे का अर्थ लिखिए।)*